तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 ग्रामीणों के विरोध के बाद बैरंग लौटी एसईसीएल व प्रशासन की टीम



## खबर संक्षेप

### सम्राट अशोक की जयंती आज

**कोरबा।** कुशवाहा समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि 5 अप्रैल की शाम 4 बजे रामलीला मैदान बालको (बस स्टैंड) में समाज द्वारा सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर आयोजित कोरबा जिला स्तरीय कार्यक्रम में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की स्तुति के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ होगा एवं अंत में हलवा भोग का वितरण किया जायेगा। श्री प्रसाद ने सभी स्वजातीय बन्धुओं से सपरिवार पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाने कि अपील की है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 9 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 9 अप्रैलको प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से सेंट जोसेफ फायर एण्ड सेफ्टी एकेडमी टी.पी. नगर में सेल्स एण्ड मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के 10 पद हेतु वांछित योग्यता स्नातक चाही गई है। काउंसलर/टेलीकॉलर के 10 पद हेतु योग्यता स्नातक, एकाउंटेंट (सिनियर) के 3 पद हेतु स्नातकोत्तर, ऑफिस ब्वॉय के 2 पद हेतु 12वीं उत्तीर्ण, फस्ट एड ट्रेनर के 2 पद हेतु बीएससी नर्सिंग, एच.आर. मैनेजर के 2 पद हेतु एमबीए, कुक के 3 पद हेतु 10वीं, सिक्योरिटी गार्ड के 2 पद हेतु 8वीं, प्लेसमेंट मैनेजर के 3 पद हेतु एमबीए, फ्रेंचाइजी हेड के 2 पद हेतु स्नातकोत्तर, रीजनल हेड मार्केटिंग के 1 पद हेतु स्नातकोत्तर वांछनीय है।

### वेलफेयर बोर्ड के निरीक्षण में उजागर हुईं गंभीर खामियां


# एसईसीएल के विभागीय अस्पताल बने रेफर सेंटर, चिकित्सकों व स्टॉफ का टोटा

### एसईसीएल प्रबंधन ने खामियों को जल्द दूर करने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के विभागीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर केवल खानापूर्ति किया जा रहा है। विभागीय अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गए हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्थिती सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अस्पतालों में चिकित्सकों का टोटा बना हुआ है वहां कर्मचारियों की भी कमी बनी हुई है। इस बात का खुलासा उस वक्त हुआ जब कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने मुड़ापारा स्थित विभागीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

कोल इंडिया के जिस एसईसीएल कंपनी को नवरत्न कंपनी का दर्जा मिला है वही कंपनी अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कोल उत्खनन को प्राथमिकता देने वाली कंपनी विभागीय अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। फंड के नाम पर करोड़ों रुपए फूंकने के बाद भी व्यवस्था जस की तस बनी हुई है जिससे विभागीय कर्मी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। शुक्रवार को कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने मुड़ापार स्थित एसईसीएल कोरबा परियोजना के मुख्य अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान बोर्ड के सदस्यों को किचन से लेकर अन्य सुविधाओं तो सही मिली लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों का अभाव पाया गया। वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने कहा कि उन्हें लंबे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी होने की शिकायत मिल रही थी। अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया था। निरिक्षण के दौरान सारी हकीकत सामने आ गई,जिस पर बोर्ड की बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी। वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों ने अस्पताल के हर कोने का दौरा किया और अपनी रिपोर्ट तैयार की। बोर्ड के सदस्य टिकेश्वर सिंह राठौर (बीएमएस), शंकर बेहरा (एचएमएस), अशोक यादव (एटक) और पीएस पाण्डेय (सीटू) कोरबा क्षेत्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे। चर्चा के दौरान मीडियाकर्मियों ने वेलफेयर बोर्ड के सदस्यों से यह सवाल पूछ लिया, कि विभाग में काम पूरा होने से पहले ही ठेकेदार को भुगतान कर दिया जाता है। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी।



अस्पताल के वार्ड का निरीक्षण करते वेल्फेयर बोर्ड के सदस्य।



निरीक्षण के दौरान चिकित्सक व स्टाफ से चर्चा करते बोर्ड के सदस्य।

#### कंपनी पर बनाना होगा दबाव

विभागीय कर्मियों की सुविधाओं में विस्तार के लिए समय समय पर वेलफेयर बोर्ड का दौरा होता है। बोर्ड के सदस्य अपनी रिपोर्ट बनाकर कंपनी को प्रेषित तो कर देते हैं लेकिन उसके सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ पाते। व्यवस्था सुधरे इसके लिए बोर्ड के सदस्यों को कंपनी पर दबाव बनाना होगा, ताकी विभागीय सुविधाओं का लाभ सभी के मिल सके।

#### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की मांग

बोर्ड सदस्यों ने कोरबा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने की मांग की है ताकि कोयला कर्मियों को सिटी स्कैन, एक्सरे और एमआरआई की सुविधा विभागीय अस्पताल में ही मिल सके। एसईसीएल हर साल स्वास्थ्य सेवाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ये पैसा आखिर जा कहां रहा है इसका जवाब किसी के पास नहीं है। अस्पताल में सुविधाएं नाम मात्र की हैं और व्यवस्थाएं भगवान भरोसे।

#### नहीं होती कार्रवाई

हर बार निरीक्षण होता है, रिपोर्ट बनती है, लेकिन सुधार की बजाय सब कुछ कागजों तक ही सिमट जाता है। ना कोई ठोस कदम, ना किसी पर कार्रवाई। बोर्ड के सदस्यों ने निरीक्षण के बाद प्रबंधन से चर्चा की, जिसमें खामियों को स्वीकारते हुए उन्हें जल्द सुधारने का आश्वासन दिया गया।

## बालकोनगर में फिर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



अतिक्रमण पर कार्रवाई करता निगम अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको नगर के सिविक सेंटर के पीछे अवैध रूप से बनी गुमटियों और दुकानों को हटाने के लिए एक बार फिर शुक्रवार को नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस अभियान के तहत करीब 20 से 22 गुमटियां हटाई गईं, जो अवैध रूप से स्थापित की गई थी। उल्लेखनीय है कि बालको नगर में अतिक्रमण की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। बालको प्रबंधन ने इस अवैध कब्जे की सूचना पहले ही जिला प्रशासन और नगर निगम को दी थी। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए सभी अवैध दुकानों और गुमटियों को हटाने का फैसला लिया। सिविक सेंटर के पीछे का इलाका अतिक्रमण का गढ़ बन गया था, जहां अवैध रूप से दुकानें और गुमटियां लगाई गई थीं। इससे सड़कें और फुटपाथ बंद हो गए थे, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी हो रही थी। शुक्रवार की कार्रवाई के बाद क्षेत्र की सड़कें और फुटपाथ पूरी तरह से साफ कर दिए गए हैं, जिससे अब लोगों को आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी। नगर निगम और जिला प्रशासन ने सख्त हिदायत दी है कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कोयला लोड ट्रेलर पलटने से परिचालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना दीपका थाना क्षेत्र के दीपका कोयला खदान 24 नंबर कांटे के पास एक हादसा हुआ, जिसमें कोयला लोड ट्रेलर के पलटने से सहचालक आशीष डेहरिया नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार एक निजी कंपनी का ट्रैलर अलसुबह 3:30 से 4 बजे के बीच अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गया, जिससे सहचालक आशीष डेहरिया नामक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के पश्चात परिवार जनों में गहन दुःख और रोष व्याप्त है।



दुर्घटनाकारित ट्रेलर।





SWARNIMA ERA
2,3&4 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS
BILASPUR (C.G)
UNLEASH THE POWER OF NAVRATRI WITH
GREAT NAVRATRI OFFERS
SWARNIMA ERA EXTENSION
Swarnima Era Presents: A Divine Navratri Celebration! Embrace the Feminine Energy and Elevate Your Lifestyle with Our Exclusive Great Navratri Offering, Five Irresistible Days of Deals.
Elevate Your Culinary Experience: Modular Kitchen with Complimentary Chimney.
Embrace the Future: Turn Home into a Smart Digital Haven.
Create a Stylish Ambiance: Get a Free False Ceiling
Complete Your Living Room: Enjoy Exclusive Accessories for Added Elegance.
Sleep in Luxury: Master Bedroom with Premium Furniture.
2, 3 & 4 BHK STYLISH INDEPENDENT BUNGALOW
PLOTS AND CUSTOMISED HOUSES ALSO AVAILABLE
Artist Impression
Artist Impression
Artist Impression
*Conditions Apply
READY AMENITIES
Grand Attractive Entrance Gate with water bodies | 3 Dome Divine Temple | Exclusive Club Swarnima | Swimming pool with Jaccuzzi & Kids pool | 15 Big Landscape Garden with flower zone | Children's Play area | Gymnasium | Meditation, Spa , yoga & Massage area | Sculpture art statues with sitting zones & water bodies | Underground electrification & Water supply, with STP | Security & Convenience | Best-in-class Specifications with Designer House Elevation
Artist Impression
Call : 97557 93333 | 97552 93333
Rera no. PCGRERA22062001125
www.rera.cgstate.gov.in
Site address - Swarnima Era, Beside Geetanjali City Phase 2, Bahtarai Road, Bilaspur(C.G.)
swarnimaera@gmail.com
www.swarnimaera.com

## खबर संक्षेप

### निकिता देवांगन ने एमबीबीएस में सफलता अर्जित की



**कोरबा।** जिले की प्रतिभाशाली छात्रा डॉ.निकिता देवांगन ने चिकित्सा क्षेत्र में चयन के बाद आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए एमबीबीएस में सफलता अर्जित की है। उन्होंने मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र के उज्जैन स्थित आरडी गार्डी चिकित्सा महाविद्यालय को अपना केंद्र बनाया और यह सफलता प्राप्त की। निकिता इसी महाविद्यालय से इंटर्नशिप करेंगी। जिले के जाने-माने कोसा उत्पादन क्षेत्र छुरीकला के व्यवसायी नरेश देवांगन की भतीजी निकिता की माता नगर पंचायत की अध्यक्ष है पिता प्रीतम देवांगन कोसा कारोबारी हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। निकिता ने अपनी सफलता पर कहा कि सफलता के लिए शार्टकर्ट कोई पैरामीटर नहीं होता। दृढ़ विश्वास और सच्ची लगन के साथ प्रयत्न करने पर जीवन के किसी भी क्षेत्र में आप उत्कर्ष की ओर बढ़ते हैं और सफल होते हैं। विद्यार्थियों के लिए उनका संदेश है कि बहुत ज्यादा घंटे जी तोड़ मेहनत करने से कहीं ज्यादा जरूरी यह है कि आप पूरी गंभीरता के साथ अध्ययन के लिए कितना समय दे रहे हैं। ऐसे मामलों में एकाग्रता के साथ आसपास के वातावरण का भी काफी प्रभाव पड़ता है। चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### हेलीपेड में बनेगा विजिटर कक्ष

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने विगत दिनों शहर के निरीक्षण दौरे के दौरान मुड़ापार हेलीपेड में विजिटर कक्ष का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। आयुक्त ने अधिकारियों की टीम के साथ मुड़ापार हेलीपेड पहुंचकर विजिटर कक्ष निर्माण हेतु स्थल चिन्हाकंन व अन्य संबंधित कार्यों पर अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### जोरहाडबरी में सीसी रोड नाली निर्माण की मांग



**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत जोरहाडबरी के सरपंच क एवं जनप्रतिनिधियों ने कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर गांव के विकास कार्य की चर्चा करते हुए जोरहाडबरी के बस्तीपारा में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए मांग किया है इस दौरान सरपंच श्रीमती चंद्रलेखा सिंह मरकाम, मुकेश कुमार, राकेश कुमार, राधेश्याम, रविंद्र कुमार बंजारे, अजीत कुमार सरपंच प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता छोटेलाल पटेल उपस्थित रहे।

### नीट एमडीएस के लिए आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने 3 अप्रैल 2025 को नीट एमडीएस 2025 रजिस्ट्रेशन विंडो फिर से ओपन कर दी है। जो कैंडिडेट्स इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाइट natboard.edu.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। शेडयूल के तहत नीट एमडीएस के लिए एलिजिबिलिटी इंटर्नशिप पूरा करने की फाइनल डेट 30 जून 2025 तक बढ़ाए जाने के बाद ये फैसला लिया गया है। पहले इंटर्नशिप 31 मार्च तक के लिए थी। कैंडिडेट्स 6 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। करेक्शन विंडो 9 अप्रैल तक के लिए उपलब्ध होगी। यह परीक्षा 19 अप्रैल 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड मोड में होगी। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने 18 फरवरी, 2025 को मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी 2025 के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट यानी नीट के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन की थी।

### नौसेना में भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन

**बिलासपुर।** भारतीय नौसेना ने एसएसआर की मेडिकल ब्रांच में सेलर्स के पदों पर भर्ती निकाली है। कैंडिडेट्स 10 अप्रैल तक इसमें sailor-navy.cdac.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। 14 से 16 अप्रैल के बीच इसकी करेक्शन विंडो खुलेगी। मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 50% मार्क्स के साथ पास होना जरूरी है। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बॉयोलॉजी सब्जेक्ट्स होने चाहिए। हर सब्जेक्ट में 40% मार्क्स आने चाहिए। 12वीं के पेपर देने वाले कैंडिडेट्स भी अप्लाई कर सकते हैं। भर्ती में इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट के साथ फिजिकल टेस्ट, रिटर्न एग्जाम और मेडिकल टेस्ट होगा।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा केंद्र में बदलाव

**बिलासपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल, नया रायपुर द्वारा 13 अप्रैल को आयोजित सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए जिला-बिलासपुर के परीक्षा केन्द्र कमांक 1310 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा बिलासपुर में यूपीएससी की एनडीए की परीक्षा होने के कारण सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया जाना संभव नहीं है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल नया रायपुर द्वारा परीक्षा केंद्र 1310 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नूतन चौक सरकंडा के स्थान पर शासकीय विद्यालय चिंगराजपारा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## सप्तमी के अवसर पर तड़के से ही देवी मंदिरों में लगी थी श्रद्धालुओं की भीड़

# सर्वमंगला सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, लगाया गया छप्पन भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कटघोरा में निर्मित मातारानी का भव्य पंडाल।



सर्वमंगला मंदिर में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़।

चैत्र नवरात्र महासप्तमी के अवसर पर अलसुबह से ही सर्वमंगला मंदिर, मड़वारानी, चैतुरगढ़ सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई थी। जहां सुबह से देर रात तक श्रद्धालु मातारानी के दर्शन के लिए पहुंचते रहे तो वहीं दूसरी ओर सर्वमंगला मंदिर में अलसुबह मातारानी का महाश्रृंगार किया गया था। साथ ही 56 भोग लगाया गया था जिसे देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। वहीं महा सप्तमी के अवसर पर पुलिस के भी चाक चौबंध व्यवस्था देखने को मिली। चैत्र नवरात्र महासप्तमी शुक्रवार के दिन जिले के प्रमुख देवी मंदिर सर्वमंगला मंदिर, मड़वारानी, कोसगई मंदिर, भवानी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में अलसुबह से ही देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका और सुख समृद्धि की मनोकामनाएं मांगी। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लाइन में खड़े होकर दर्शन के लिए लगे हुए है माँ मड़वारानी में सप्तमी का विशेष महत्व रहता है। जिसको देखने सैंकड़ों लोग मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई थी। आदिशक्ति की आराधना में लीन कुछ महिलाओं ने लेटकर मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस अवसर पर कुछ भक्त मंदिर के पीछे पहाड़ में बड़ी संख्या में लंगूर मौजूद थे। सर्वमंगला मंदिर के मुख्य पुजारी नान्हा नमन पाण्डेय ने बताया कि महासप्तमी के अवसर पर सुबह मातारानी का महाश्रृंगार किया गया था जिसके बाद 56 भोग लगाया गया था जिसके बाद महाआरती की गई। जिसमें हजारों की भीड़ में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाआरती की और सुख समृद्धि की कामना की।

**खास बात**

- सर्वमंगला मंदिर में अलसुबह माता रानी का किया गया महाश्रृंगार

### पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

नवरात्रि के अवसर पर सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिसके मद्देनजर व सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सभी देवी मंदिरों में पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जहां सर्वमंगला मंदिर में सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी सहित उनकी पूरी टीम पिछले कई दिनों से मंदिर में सुबह से देर रात तक ड्यूटी कर रहे हैं और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी कर रहे हैं। साथ ही इसी तरह मड़वारानी मंदिर में पहाड़ों के ऊपर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी व उनकी पूरी टीम मंदिर में सेवा दे रहे हैं ताकि आम जनता को आने जाने व दर्शन करने में किसी तरह की परेशानी ना हो। इसके अलावा चैतुरगढ़ मंदिर में भी पाली पुलिस की टीम लगातार तैनात है और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मंदिर प्रबंधन के द्वारा भी गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को विशेष प्रसाद की व्यवस्था व शरबत की व्यवस्था भी कराई गई है।

### कालीबाड़ी में भी भक्तों की लग रही कतार

एसईसीएल मुडापार में स्थित कालीबाड़ी में काली मां का मंदिर जो आस्था का केंद्र बनी हुई है। यहां हजारों की संख्या में रोज श्रद्धालु आकर पूजा कर रहे हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते लोगों का मानना है कि यहां पर माता सब की मनोकामनाएं पूरी करती है। यहां की विशेषता है कि यह मंदिर 32 साल पुराना है और जो भी भक्त यहां पर सच्चे दिल से अपनी मनोकामना मांगते हैं उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी भी होती है। यहां पर लगे मेले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



## आमजन की सुविधा के अनुरूप सुनिश्चित कराएं जोन कार्यालय की व्यवस्था: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नगर निगम के सभी जोन एक जनसेवा केन्द्र के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने जोन कार्यालयों को जोन आपकी सेवा में सर्विसेस जोन की संकल्पना देते हुए अधिकारियों को इस संकल्पना की पूर्ति की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के रविशंकर नगर जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में स्थित जोन कमिश्नर कक्ष, उप जोन प्रभारी कक्ष, अभियंता कक्ष, राजस्व विभाग, राशन कार्ड वितरण, स्टाफ कक्ष, स्वच्छता व साफ-सफाई, शौचालय, यूरिनल, पेयजल व्यवस्था सहित सम्पूर्ण जोन कार्यालय भवन का निरीक्षण किया, कार्यालय में संधारित पंजियों, दस्तावेजों, नस्तियों आदि का अवलोकन किया। उन्होंने मोबाईल मेडिकल यूनिट, स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया तथा स्टोर में उपलब्ध दवाओं व संधारित दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टोर्स में सभी निर्धारित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निर्वाध रूप से बनी रहे, निर्धारित समय पर मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर हेतु प्रस्थान करें, यह सुनिश्चित कराएं। आयुक्त ने जोन कार्यालयों की सभी व्यवस्थाओं को जनसेवा केन्द्र के रूप में चुस्त-दुरूस्त करने, कार्यालय में आने वाले आमनागरिकों के बैठने व शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि के निर्देश भी जोन कमिश्नर को दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जोन कमिश्नर एवं जोन कार्यालयों का समस्त स्टाफ प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे, इसका कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकता है। आयुक्त ने जोन कार्यालयों में शिकायत पेटी रखने, प्राप्त शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर उनका यथासंभव त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को, न्यायाधीश ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जिसमें न्यायालय में लंबित समस्त राजीनामा प्रकरणों के साथ-साथ फायनेंस कंपनी/संस्थाओं/विभागों के उपयुक्त मामलों का निराकरण समझौता एवं राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने एवं संस्थाओं/विभागों के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण की प्रीसिटिंग एवं प्रीलिटिगेशन के प्रकरण के संबंध में चर्चा किये जाने के प्रयोजनार्थ 3 अप्रैल को विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष, जिला न्यायालय कोरबा में दोपहर 2 बजे श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) की अध्यक्षता में नगर निगम, दूरसंचार विभाग, बिजली विभाग तथा बैंक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली गई। उक्त बैठक में कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0), शौभिक गुहा, मैनेजर एनपीए एसबीआई, बी. कामत, ब्रांच मैनेजर, एसबीआई आईटीआई रामपुर कोरबा, ए.के. साक्या, पंजाब नेशनल बैंक निहारिका कोरबा, रोशन लाल वर्मा, सीएसपीडीसीएल कोरबा, जयनारायण देवांगन, एसडीओ, बीएसएनसल कोरबा, शेखर वर्मा सोनी, सीएसईबी, कटघोरा तथा अन्य बैंक/ विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



बैठक के दौरान उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी मण्डल कटघोरा व जवाली मण्डल के सयुंक्त तत्वावधान में 6 अप्रेल को पार्टी की स्थापना दिवस को लेकर पूर्व महापौर व प्रदेश कार्य समिति सदस्य जोगेश लाम्बा के आतिथ्य में सांस्कृतिक भवन कटघोरा में बैठक आहूत की गई। जोगेश लाम्बा एव मंचस्थ अतिथियों के द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव भारत माता के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। ततपश्चात मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उपस्थित सदन को बैठक के बारे में जानकारी दी व बताया कि हम सभी की मिलकर पार्टी द्वारा निर्देशित तिथियों पर हम सभी को कब व क्या क्या आयोजन किये जाने हैं।

ततपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य जोगेश लाम्बा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक संगठित पार्टी है हमारे देश के प्रधान सेवक देश के प्रधानमंत्री स्वयं कहते हैं कि मैं प्रधानमंत्री नही हूं मैं देश का प्रधान सेवक हूं यही कारण है कि पार्टी के द्वारा किसी भी कार्यकर्ता के सांथ भेदभाव नही किया जाता है। साथ ही 6 अप्रेल को पार्टी के स्थापना दिवस व 14 अप्रेल को साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जो कार्य किया जाना है उसके बारे में उपस्थित सदन को अवगत कराया गया कि 6 व 7 अप्रेल को सभी प्रत्येक बूथ कार्यालय व सभी के घरों में झंडा लगाया जाना 8 व 9 अप्रेल को सभी मण्डल या विधानसभा स्तर पर सम्मेलन करना 10 व 11 अप्रेल को ग्राम बस्ती बूथों पर घर घर संपर्क अभियान चलाया जाना 13 अप्रेल को भारत रत्न भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाना 14 अप्रेल को सभी जिला मण्डल पर मध्ययरपन जीवनी पर प्रकाश डालना व संगोष्ठी का कार्यक्रम किया जाना के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जिला मंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धन्नू दुबे, प्रदीप पांडेय, राजेन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष छुरी हीरानंद पंजवानी, मण्डल महामन्त्री राजेन्द्र टण्डन, मण्डल कोषाध्यक्ष अजय धनोंदिया, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार कश्यप, गोविंद सिंह, मीना शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, पवन अग्रवाल पार्षद, आत्मानारायन पटेल, ओमप्रकाश डिकसेना के साथ साथ राजेश गुप्ता, राकेश पांडेय अशोक तिवारी, देव दुबे, अविनाश केशरवानी, हरबंश पनेसर, श्याम जायसवाल, समजीत सिंह, अनुराग दुहलानी, उमा शुक्ला, स्नेहलता पटेल, लक्खू देवांगन, अमरजीत शर्मा, गोपेन्द्र पांडेय, देवेंद्र देवांगन, पार्षद अजय गर्ग, राजूदास दीवान के साथ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को दें गति: संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देती महापौर।

महापौर ने शुक्रवार को निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं व पार्षदों व जनप्रतिनिधियों की आकांक्षाओं एवं वार्ड की आवश्यकताओं के अनुरूप निगम के विकास व निर्माण कार्यो को गति व दिशा दी जाए। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता, वर्क क्वालिटी बनी रहे, समयसीमा में कार्य पूरें हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं व नागरिक सेवाओं से जुडे.कार्यो को प्राथमिकता के साथ संपादित कराया जाए।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शुक्रवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम के विकास एवं निर्माण कार्ये सहित अन्य विविध कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना, मुख्यमंत्री की घोषणा, मुख्यमंत्री अधोसंरचना, प्रभारी मंत्री मद, सांसद, विधायक मद, महापौर मद, पार्षद मद, 14वें व 15वे वित्त आयोग, पर्यावरण संरक्षण मद, सीएसआर मद, एनसीएपी मद, निगम मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत वार्डो में प्रस्तावित प्रगतिरत निर्माण व विकास कार्यो की जोनवार व वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियाँ समय पर कार्यो को प्रारंभ कराएं तथा नियत समय पर कार्यो को पूरा करें, इस पर विशेष फोकस रखा जाए, जिन निर्माण एजेंसियों द्वारा कार्यो में लापरवाही बरती जा रही है, उन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही भी करें।

**खास बात**

- महापौर ने आयुक्त की उपस्थिति में जोन कमिश्नर्स व प्रभारी अधिकारियों की ली बैठक

### स्ट्रीट लाइट व बिजली व्यवस्था

महापौर श्रीमती राजपूत ने निगम क्षेत्र की स्ट्रीट लाईट व विद्युत व्यवस्था से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित समस्त स्ट्रीट लाईटें जलें, सड़कों व मार्गो पर अंधेरा न हों, इसकी सतत मानीटरिंग करें तथा जहाँ कहीं भी स्ट्रीट लाईट बंद दिखें, तत्काल सुधार व मरम्मत कार्य कर स्ट्रीट लाईट जलवाएं।

### सफाई व्यवस्था में लाएं कसावट

महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों से कहा कि विगत कुछ माह में निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में बेहतर सुधार हुआ है, अब पहले जैसी गदंगी नहीं दिखती, शहर साफ-सुथरा दिखने लगा है किन्तु इसके बावजूद भी सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाई जाए, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य किए जाएं, कार्यो की नियमित मानीटरिंग हों, हर घर से कचरा अनिवार्य रूप से संग्रहित हों, सड़क व नालियों की नियमित सफाई की जाए, इस पर विशेष फोकस करें।

### पार्षद ने एसईसीएल कोरबा क्षेत्र समिति को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** कोल इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के निरीक्षण पर निकले थे। इसी दौरान एसईसीएल गेस्ट हाउस में पार्षद व एमआईसी सदस्य श्रीमती धनकुमारी गर्ग ने कोल इंडिया के वेलफेयर सदस्य और एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की समिति को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने कोरबा क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। श्रीमती गर्ग ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के अस्पताल में सिटिस्केन, एमआरआई सेंटर, आधुनिक लैब और आधुनिक मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने आम नागरिकों के इलाज और भर्ती की व्यवस्था करने की भी मांग की है।

# जयस्तंभ चौक से बाज़ार मोहल्ला मार्ग पर अतिक्रमण, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर पालिका परिषद कटघोरा के जयस्तंभ चौक से बाजार मोहल्ला जाने वाली मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने फुटपाथ तक कब्जा जमा रखा है। जिसकी वजह से मार्ग पर पैदल चलने वालों के लिए यह मुसिबत का सबब बना हुआ है। दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहनों के प्रभावित हो रही है। सब्जी बाज़ार होने के साथ अन्य दुकान होने की वजह से सुबह से लेकर देर शाम तक इस रास्ते पर भारी भीड़ रहती है। दुकानदार अपने सामान को सड़कों तक फैला देते हैं और कुछ ने तो अस्थायी ठेले और टीन शेड तक लगा रखे हैं। ऐसे में राहगीरों को सड़क पर चलना किसी जोखिम से कम नहीं। दुकानदार द्वारा सड़क पर गड्ढे खोदकर अपने सामान को व्यवस्थित रखने खम्भे तक गाड़ दिया है। जिससे रास्ते की चौड़ाई कम होने से आवाजाही में भारी समस्या हो रही है। बाज़ार मोहल्ले वासियों ने बताया कि मोहल्ले वासियों से प्रशासन व नगर पालिका से शिकायत के बाद स्थगन आदेश जारी कराया था बावजूद इसके फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा बरकरार है। वार्ड क्रमांक 4 बाज़ार मोहल्ला रहवासियों और व्यापारियों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय युवाओं ने सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है। इस पूरे मसले में सबसे चिंताजनक बात यह है कि नगर पालिका परिषद की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका परिषद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सिर्फ कागज़ों में करती है, जबकि ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है।

**आवश्यकता है**

आयत ऑटोमोबाइल कोरबा मे डेंटर पद,
मैकेनिक पद,
कम्प्यूटर ऑपरेटर पद
की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार।
शीघ्र संपर्क करें।

आयत ऑटोमोबाइल
बुधवारी बायपास रोड
टी पी नगर कोरबा
7869764475

NKH Group Of Hospitals

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
की सेवाएं अब NKH कटघोरा में...
मुम्बई जैसे बड़े शहरों में स्वास्थ्य संस्थानों से अनुभव प्राप्त



डॉ. एकता चवरे
(स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
MBBS MS Obstetrician,
Gynaecologist & Infertility Specialist

प्रतिदिन शाम - 05:00 से 8:00 बजे तक

प्रमुख बीमारियों की जांच व ईलाज-
- गर्भावस्था से संबंधित
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- पीरियड्स के दौरान अधिक ब्लीडिंग
- निः संतानता, बच्चेदानी का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का कैंसर
- बंद माहवारी, खून की कमी
- यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन
- बच्चेदानी या अंडाशय में गठान

NKH, मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल्स
बिलासपुर रोड कटघोरा

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें -
86025 99178
88712 80000

## खबर संक्षेप



### कोटपा एक्ट के तहत 51 सौ रुपए का ठोका जुर्माना

**कोरबा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी के निर्देशानुसार तथा नोडल अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेंश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक पदमाकार शिंदे के मार्गदर्शन में एवं परिवर्तन दल के द्वारा डॉ. रंजना तिर्की एवं औषधि निरीक्षक वीरेंद्र कुमार भगत, ऋषि साहू और जिला सलाहकार डॉ. मानसी जायसवाल के द्वारा कटघोरा थाना प्रभारी धरम तिवारी और नगर पालिका के सहयोग से बस स्टैंड और शैक्षणिक संस्थान सौ गज के दायरे में आने वाले दुकानों का चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें कोटपा एक्ट 2003 की धारा 6 के अंतर्गत 7 चालान काटा गया और धारा 4 के अंतर्गत 11 चालान काटा गया जिसकी राशि 51 सौ रूपये की चालानी की गई और 3 दुकानों में समझाइए दिया गया और सभी दुकानों में धारा 6 (अ) का पोस्टर चस्पा किया गया

### आधार केंद्र में निःशुल्क कार्य का भी लिया जा रहा है शुल्क

**गेवरा।** गेवरा बस्ती मुख्य चौक में स्थित आधार सुविधा केन्द्र के संचालक को पहले भी कई बार शासन-प्रशासन के आदेश का पालन न करने पर फटकार मिल चुकी है इसके बावजूद भी संचालक सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। 5 वर्ष पूरा करने पर बच्चों का आधार कार्ड 6 साल पूरा करने के पूर्व अपडेट किया जाता है वो निःशुल्क होता है। सरकार ने निःशुल्क बनाने का आदेश जारी कर रखा है व पालकों को भी मोबाइल मैसेज के द्वारा निः शुल्क आधार अपडेट कराने का सूचना दे रही है पर गेवरा बस्ती आधार सुविधा केन्द्र संचालक पालकों से आधार अपडेट कराने का 100 रुपए अवैध शुल्क ले रहा है और निःशुल्क अपटेड का पावती भी दे रहा है। पालक ने जब निःशुल्क अपटेड का मेसेज आया है बताए तो इस पर संचालक का कहना है नियम कानून तो बहुत होते हैं पर उनका पालन कौन करता है काम हम कर रहे हैं तो पैसा तो लेंगे कहकर पालक से सौ रुपए वसूल लिये। इस तरह अपने अधार केन्द्र को अवैध वसूली का धंधा बना लिया है।

### स्वास्थ्य विभाग में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के 525 पदों पर होगी भर्ती

**कोरबा।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संभाग एवं जिला स्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कुल 525 पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित है। उक्त पदों की सीधी भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से ऑनलाईन आवेदन छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर अटल नगर के वेबसाईट पर आमंत्रित किए जाएंगे। परीक्षा संबंधित विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ व्यापम की वेबसाईटपर उपलब्ध होगी। जिसमे स्टॉफ नर्स के 225 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के 100 पद, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 100, वार्ड बॉय व आया के 50-50 पद शामिल है। पदों से संबंधित नियम एवं शर्तें विस्तृत विज्ञापन में व्यापमं के वेबसाईट पर अवलोकन हेतु प्रदर्शित होगी।

## ग्राम मलगांव में भवनों को तोड़कर जमीन खाली कराने पहुंची थी टीम

# ग्रामीणों के विरोध के बाद बैरंग लौटी एसईसीएल व प्रशासन की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



एसईसीएल व प्रशासन की टीम का विरोध करते ग्रामीण।



आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देते प्रशासनिक अधिकारी।

त्रिपक्षीय वार्ता में दिए गए आश्वासन के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने से आक्रोशित एसईसीएल से प्रभावित ग्राम मलगांव के भूविस्थापितों ने शासकीय भवनों व मंच तोड़ने के लिए पहुंचे एसईसीएल व प्रशासन की टीम का जमकर विरोध किया। ग्रामीणों के विरोध की वजह से टीम को उलटे पांव वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने साफ कह दिया है कि प्रबंधक उनकी मांगे पूरी कर दे फिर वह गांव छोड़कर चले जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि अधिग्रहित ग्राम मालगांव एसईसीएल दीपका प्रबंधन व खदान में नियोजित कंपनी कलिंगा के लिए अब सिरदर्द बन गया है। कलिंगा कम्पनी ओबी और कोयला उत्खनन का दोनों काम अभी आमगांव दर्रा खांचा साईड में कर रहीं है जो अब नाकाफी है खदान विस्तार व कंपनी को चलाने के लिए और बड़ी जमीन की जरूरत है ,इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन व कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी ग्राम मलगांव में स्थित शासकीय भवनों,मंच को तोड़ने दोपहर को पहुंचे थे। शुक्रवार की सुबह जैसे ही एसडीएम दीपका तहसीलदार अमित केरकेट्टा के साथ केसीसी कंपनी के मुंशी विकास दुबे अपने लोगों को लेकर घरों को तोड़ने के लिए पहुंचे। ग्रामीणों ने विरोध जताना शुरु कर दिया। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी देखी गई की एसईसीएल व प्रशासन उनकी मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा है, मुआवजा की शिकायतों का निराकरण नहीं हो रहा है और जब देखों तब घर तोड़ने के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन के साथ-साथ खनन कार्य का ठेका प्राप्त केसीसी कंपनी के विकास दुबे व उसके लोगों की दादागिरी पर भी नाराजगी जाहिर की। ग्रामवासियों का आरोप है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन, अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा व ग्रामवासियों के समक्ष 19 मार्च को प्राथमिक शाला प्रांगण में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी, जिसमें ग्रामवासियों ने 13 बिंदुवार अपनी मांगे रखी थी, जिसमें मुख्य मांग बसाहट में कटौती, मकान के मुआवजा में कटौती, 16 ग्रामीणों का पैसा ट्रिब्यूनल में होने सहित पूर्व व वर्तमान की मांग है। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा व एसईसीएल दीपका जीएम संजय मिश्रा ने कुछ मांगों को एक सप्ताह के भीतर पूरा करने की बात कहीं थी साथ ही गांव में पीने के लिए पानी व्यवस्था करने और गांव में किसी तरह तोड़ फोड़ नहीं करने की बात कहीं, जिस पर अभी तक किसी तरह का उनकी मांगों में पहल नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। वहीं दूसरी ओर दीपका में नियोजित निजी कंपनी कलिंगा में गांव के कुछ युवक कार्यरत हैं, जो मकान नहीं तोड़ रहे हैं, उन्हें नौकरी से बैठाने की धमकी देने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

### मांगे पूरी नहीं तो कामबंद हड़ताल

मलगांव के सरपंच रामसिंह कंवर ने कहा है कि बिना किसी सूचना जानकारी दिए गांव में तोड़फोड़ करने पहुंचे थे। गांव में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता को 15 दिन से ऊपर हो गए बावजूद इसके 13 मांगों में एक भी मांग पूरी नहीं हुई है। हम सभी ग्रामवासी अपनी जायज मांगों के लिए एसईसीएल दीपका खदान में धरना कर काम बंद करेंगे हमें एसईसीएल दीपका प्रबंधन, प्रशासन और कलिंगा कम्पनी मजबूर कर रही है।

## बुजुर्ग दंपती की जमीन को गिरवी रखकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुखरीकला निवासी घसिया बरेठ उम्र 74 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र दाउलाल उर्फ कुसवा बलात्कार पास्को एक्ट में जिला जेल में बंद है। जिसको छुड़वाने के नाम पर शहजादा खान उर्फ राजू खान घसिया बरेठ से न्यायाधीश और बडे बडे पुलिस अधिकारियों से अच्छा संबंध होने की बात कहकर 1 लाख 50 हजार रूपये की मांग किया तब घसिया बरेठ ने 11 अगस्त को अपना खेत गिरवी रखकर नगदी 50 हजार रुपए शहजादा खान उर्फ राजू खान को दिया उसके एक हफते बाद 40 हजार रूपये फिर दिया। उसके बाद घसिया बरेठ ने शहजादा खान से पूछा कि उसका बेटा जेल से कब निकलेगा तो शहजाद खान बोला जज साहब 35 हजार रूपये और मांग रहे है तुम्हारे बेटे के उपर आरोप लगा है बरी कर देगें। तब घसिया बरेठ ने शहजादा खान उर्फ राजू खान को 35 हजार रूपये फिर दिया। जिसके बाद घसिया बरेठ ने शहजादा खान उर्फ राजू खान से मोबाईल से कई बार संम्पर्क किया लेकिन शहजादा खान ने फोन नही उठाया और ना ही शहजादा खान घसिया बरेठ की रकम वापस कर रहा है। इस तरह शहजादा खान ने घसिया बरेठ के साथ कुल 1 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने घसिया बरेठ की शिकायत पर शहजादा खान के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन में जुटी हुई थी। इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली कि राजू उर्फ शाहजादा खान बिलासपुर में छिपा हुआ है सूचना पर पुलिस की टीम ने चिलहाटी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## खदान से डीजल की चोरी, मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के सीआईएसएफ यूनिट में पदस्थ विवेक कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 3 अप्रैल को शाम लगभग 6.25 बजे सीआईएसएफ पेट्रोलिंग टीम मे तैनात प्रआर रमेश चंद्रपाल व आर डीजी समीर कुमार पात्रो के साथ 120 डीजल वर्कशाप एसईसीएल गेवरा माईस में पेट्रोलिंग कर रहे थे तब देखा कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति प्लाटिक पाऊच में डीजल निकाल रखे हैं। घटनास्थल से लगभग 50 लीटर डीजल प्लास्टिक पाऊच में भरा हुआ बरामद हुआ। संदिग्धों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अशोक कुमार, दीपक कुमार कंवर, योगेश कुमार, अतुल कुमार, रुद्रप्रताप, पूरन बताया जो सर्वेश्वरी कंपनी एसईसीएल गेवरा माइंस में डंपर मेंटिनेंस का कार्य करते है तथा मेन्टनेश कार्य के दौरान वर्कशाप में डम्पर से डीजल निकाले है। विवेक कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

## रजकम्मा में आबकारी का छापा, 52 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



महुआ शराब के साथ आरोपी।

अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की टीम लगातार अभियान चला रही है और इसमें शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। आबकारी विभाग की टीम ने तीन अलग अलग स्थानों में दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से कुल 52 लीटर महुआ शराब की खेप जप्त करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को दीपका वृत्त के आबकारी उपनिरीक्षक डॉ सुकांत पांडेय की टीम ने मुखबीर की सूचना पर कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम रजकम्मा निवासी सैजल ध्रुव के घर में दबिश देकर उसके बाड़ी/आंगन की तलाशी लेने पर कुल 14 ली महुआ शराब बरामद की गई। आरोपीया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क),34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय जेएमएफसी कटघोरा में पेश कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल किया जा रहा है। इसी तरह उसी गांव में निवासरत रामबचन पिता शिव सिंह के कब्जे से 9.2 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। इसी तरह अशोक खांडे के मकान की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 29 लीटर महुआ शराब एवं 180 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क,च), 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल कर दिया गया है। कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक सिमोन मिंज़ एवं नगर सैनिक प्रजेश सिंह,महिला नगर सैनिक अंबिका सांडे का योगदान रहा।

## कब्जा खाली कराने पहुंची टीम, पेट्रोल डालकर सामने सो गए लोग, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायालय के आदेश पर एक टीम ग्राम बिंझरा से कब्जा हटाने गई थी जहां कुछ लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया था। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

व्यवहार न्यायालय कटघोरा में आदेशिका वाहक के पद पदस्थ कृपाल सिंह कंवर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 10 मार्च को माननीय न्यायालय कु० मयूरा गुप्ता द्वितीय व्यवहार न्यायधीश कटघोरा के कब्जा वारंट पेशी तारीख 11 मार्च 2025 पंचमति विरूद्ध बेदसिंह के मामले में ग्राम बिंझरा पटवारी हल्का नं. 40 स्थित भूमि पर घिरे कांटा तार को बेदसिंह, उमेंदसिह के कब्जे से हटाकर पंचमति को कब्जा दिलाने राजस्व एवं पुलिस टीम के साथ गया था, जहां बेंदसिह, अजीत कुमार कंवर, विजय कुमार कंवर, वंदना कंवर, सुनील कंवर, दुर्गा कंवर तथा साथी मुस्ताक अहमद, गुलशन दास व अन्य के साथ एकराय होकर कब्जा नही दिलाने देंगें कहते हुए 2-3 लोग अपने उपर पेट्रोल डालकर जेसीबी वाहन के सामने सो गये थे तथा जेसीबी को आग लगा देगें कहते हुए जेसीबी मे पेट्रोल छिड़क कर शासकीय कार्य में बांधा उत्पन्न कर कर्तव्य निर्वहन करने से मुझे रोका गया। जिस पर कृपाल सिंह के द्वारा ग्राम कोटवार, राजस्व व पुलिस टीम के समक्ष पंचनामा तैयार कर माननीय न्यायालय कटघोरा को अवगत कराया गया। कृपाल सिंह कंवर की रिपोर्ट पर कटघोरा पुलिस ने बेंदसिह, अजीत कुमार कंवर, विजय कुमार कंवर, वंदना कंवर, सुनील कंवर, दुर्गा कंवर तथा साथी मुस्ताक अहमद, गुलशन दास सहित अन्य के खिलाफ धारा 132, 191 (2), 221 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।




### सूने मकान में धावा बोलकर हजारों का माल पार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना रिस्दा निवासी प्रमिला दास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 मार्च की शाम 4 बजे अपने घर में ताला बंदकर अपने परिवार के साथ अपने गृहग्राम कोरंड, थाना राजकनिका, जिला केन्द्रापडा (उडिसा) गये थे। 4 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे जब अपने घर वापस आयी तो देखी कि उसके घर के किचन रूम के शीट के छत को तोड़कर कोई अज्ञात अंदर प्रवेश कर आलमारी के लाकर को तोड़कर उसमें रखे 25 नग चांदी का सिक्का, 1 जोडी चांदी का पायल, 1 जोडी सोने का कान का बाली कुल कीमत 25 हजार रूपये को चोरी कर ले गए हैं। प्रमिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### अनियंत्रित बाइक टकराई पेड़ से, चालक की मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भंटगांव के पास हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक का नाम गोविंद धनुहार उम्र 23 वर्ष पिता बुधराम धनुहार है जो ठाकुरखेता गांव का निवासी था। बताया जा रहा है कि गोविंद अपने साला के साथ बालको आया हुआ था बालको में दोनों ने छककर शराब का सेवन किया जिसके बाद घर जाने के लिए निकले। जैसे ही दोनों भटगांव के पास पहुंचे थे वैसे ही मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में गोविंदा गंभीर रुप से घायल हो गया।



